# कार्यालय कलेक्टर
# एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य) उत्तर बस्तर कांकेर

कार्यालयीन दूरभाष/फैक्स -07868-241019, Email - election.kanker@gmail.com & deo-kanker.cg@nic.in

क्रमांक/सा.निर्वा./स्था./भर्ती/2023/ 165 कांकेर, दिनांक / 2 /06/2023

## //विज्ञापन//

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छ.ग. रायपुर के पत्र क्र. 241/स्था./वि.स.नि./2023/1651 रायपुर दिनांक 11.05.2023 के द्वारा जिला निर्वाचन कार्यालय कांकेर एवं रिटर्निंग ऑफिसर कार्यालयों हेतु कुल 05 पद सहायक ग्रेड-3 (संविदा) एवं 05 पद भृत्य (कलेक्टर दर) दिनांक 01/06/2023 से 30/11/2023 तक कुल 06 माह के लिये स्वीकृति प्रदान करने के फलस्वरूप रिक्त (संविदा/कलेक्टर दर) के पदों की पूर्ति हेतु **दिनांक 19/06/2023 को स्थान- कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, कांकेर(छ.ग.)** में आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है :-

**पंजीयन हेतु निर्धारित समय दिनांक :- 19/06/2023 को प्रातः 10.30 से 05.00 बजे तक**

**1. सहायक ग्रेड-3 (संविदा) :- दिनांक 01/06/2023 से 30/11/2023 तक (06 माह के लिये)**

| क्र. | श्रेणी / वर्ग | श्रेणी / वर्गवार पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | निःशक्तजन | भूतपूर्व सैनिक | |
| 1 | अनारक्षित | 1 | - | - | - | 1 |
| 2 | अ.जा | 0 | - | - | - | 0 |
| 3 | अ.ज.जा. | 2 | 1 | - | - | 3 |
| 4 | अ.पि.व | 1 | - | - | - | 1 |
| योग - | | 4 | 1 | | | 5 |

**2. भृत्य (कलेक्टर दर):- दिनांक 01/06/2023 से 30/11/2023 तक (06 माह के लिये)**

| क्र. | श्रेणी / वर्ग | श्रेणी / वर्गवार पद संख्या | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मुक्त | महिला | निःशक्तजन | भूतपूर्व सैनिक | |
| 1 | अनारक्षित | 1 | - | - | - | 1 |
| 2 | अ.जा | 0 | - | - | - | 0 |
| 3 | अ.ज.जा. | 2 | 1 | - | - | 3 |
| 4 | अ.पि.व | 1 | - | - | - | 1 |
| योग - | | 4 | 1 | | | 5 |

**शैक्षणिक योग्यता एवं वेतनमान :-**

**1. सहायक ग्रेड-3 पद हेतु -**

(अ) वेतनमान - संविदा वेतन 14,200 /- रूपये एकमुश्त

(ब) शैक्षणिक योग्यता

1. मान्यता प्राप्त शिक्षा मंडल से (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण

अथवा

पुरानी हायर सेकेण्डरी परीक्षा उत्तीर्ण के साथ मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय के स्नातक पाठ्यक्रम की प्रथम वर्ष परीक्षा उत्तीर्ण।

2. मान्यता प्राप्त संस्था से डाटा एंट्री ऑपरेटर/प्रोग्रामिंग में एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र तथा

3. कम्प्यूटर में हिंदी टायपिंग का 5000 की (Key) डिप्रेशन प्रति घंटा की गति।
(गति के संबंध में कौशल परीक्षा ली जाएगी)

**टीप :-** सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र क्र. एफ 9-4/2015/1/3, दिनांक 23.01.2015 के अनुसार सहायक वर्ग-03 के पदों पर नियुक्ति के लिए कम्प्यूटर संबंधी अर्हता हेतु छ.ग.शासन तकनीकी शिक्षा एवं जनशक्ति नियोजन विभाग द्वारा अनुशंसित निम्नलिखित संस्थाओं द्वारा कम्प्यूटर विषय से संबंधित निम्नांकित परीक्षाओं के उत्तीर्ण प्रमाण-पत्र/डिप्लोमा/उपाधि को मान्यता प्रदान की गई है :-

(1) मान्यता प्राप्त आई.टी.आई. से कम्प्यूटर ऑपरेटर एण्ड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट व्यवसाय में 01 वर्षीय सर्टिफिकेट।

(2) मान्यता प्राप्त बोर्ड ऑफ टेक्निकल एजुकेशन/राज्य तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया गया कम्प्यूटर साईंस/इन्फार्मेशन टेक्नालॉजी/मॉर्डन ऑफिस मैंनेजमेंट का डिप्लोमा (02 वर्ष से अन्यून)।

(3) वैधानिक रूप से गठित किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/डीम्ड यूनिवर्सिटी/इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय/भोज विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त कम्प्यूटर साईंस इन्फॉर्मेशन टेक्नालॉजी/कम्प्यूटर एप्लीकेशन में 01 वर्षीय पी.जी. डिप्लोमा, स्नातक अथवा स्नातकोत्तर उपाधि।

(4) DOEACC सोसायटी, नई दिल्ली द्वारा विभिन्न प्रदत्त डिप्लोमा।

**2. भृत्य पद हेतु -**

(अ) वेतनमान - कलेक्टर दर

(ब) शैक्षणिक योग्यता - पांचवी कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण

**A. आवेदन पत्र के संबंध में दिशा-निर्देश :-**

1. आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में होना अनिवार्य है। आवेदन पत्र पर फोटो हेतु निर्धारित स्थान पर 1 पास्पोर्ट आकार का स्वप्रमाणित फोटो चस्पा करना होगा। आवेदन पत्र के साथ निम्न दस्तावेज संलग्न करना होगा :-

1. आयु संबंधी प्रमाण पत्र हेतु अंकसूची (5वीं, 8वीं, 10वीं) की छायाप्रति ।
2. अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता, संबंधित डिग्री/डिप्लोमा, (समस्त वर्षों की अंकसूची)
3. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
4. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र।
5. छ.ग. का मूल निवास प्रमाण पत्र।
6. कम्प्यूटर सर्टिफिकेट किसी मान्यता प्राप्त संस्था से एक वर्षीय डिप्लोमा/प्रमाण पत्र।
7. मान्यता प्राप्त मंडल/संस्था अथवा छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन मुद्रलेखन परीक्षा परिषद् प्रमाण पत्र।
8. अन्य

II. आवेदक मान्यता प्राप्त संस्था/विश्वविद्यालय से शैक्षणिक योग्यता, संबंधित समस्त प्रमाण पत्रों की मूल एवं स्व-प्रमाणित छायाप्रतियां एवं पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र अनिवार्यतः अपने साथ लेकर आवें।

III. उक्त पदों में भर्ती हेतु इच्छुक उम्मीदवार निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र मय दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि दिनांक 19/06/2023 को प्रातः 10.30 बजे से सायं 05.00 बजे के बीच में उपस्थित होकर निर्वाचन कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। सायं 05.00 बजे के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

IV. प्राप्त आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी/जांच कर पात्र/अपात्र अभ्यर्थियों की दावा आपत्ति सूची पदवार सूचना पटल पर दिनांक 23.06.2023 को चस्पा किया जावेगा तथा मेरिट आधार पर नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों की आगामी तिथि को कौशल परीक्षा में सम्मिलित होने आहूत किया जावेगा, जिसकी सूची एवं सूचना जिले की वेबसाईट www.kanker.gov.in में दिनांक 24/06/2023 को अपलोड कर दी जावेगी साथ ही कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा। पृथक से पत्राचार नहीं किया जावेगा।

V. आवेदन पत्रों की स्क्रूटनी/जांच उपरांत आवेदित पद सहायक ग्रेड-3 हेतु पात्र अभ्यर्थियों को अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता के मेरिट के आधार पर 01 पद के विरूद्ध 05 अभ्यर्थियों कौशल परीक्षा में उपस्थित होने हेतु मेरिट सूची, सूचना पटल पर चस्पा किया जावेगा।

VI. वरीयता सूची में मेरिट क्रम आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की सूची कार्यालयीन सूचना पटल एवं कांकेर जिले के वेबसाईट www.kanker.gov.in में दिनांक 28/06/2023 को उपलब्ध कराई जावेगी।

VII. अभ्यर्थियों को आवेदित पदों के पंजीयन हेतु उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

VIII. आवेदक को छ.ग. का मूल निवासी होना चाहिए।

IX. अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण आवेदन मान्य नहीं किये जाएंगे।

X. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी है। (दिनांक 01/06/2023 से 30/11/2023 तक)

XI. आवेदनों की संख्या अधिक होने की स्थिति में निर्धारित तिथि परिवर्तनीय है।

XII. डाक या कुरियर के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

**B. चयन प्रक्रिया :-**

**1. सहायक ग्रेड-3 पद हेतु -**

कुल 100 प्रतिशत में से अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता का अर्हता (वेटेज) 60 प्रतिशत, कौशल परीक्षा का अधिभार (वेटेज) 40 प्रतिशत होगा। शैक्षणिक अर्हता एवं कौशल परीक्षा में प्राप्त अंको के योग के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर मेरिट सूची के आधार पर वर्गवार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

**उक्त अस्थाई पदों की पूर्ति में पूर्व से निर्वाचन संबंधी कार्य कर चुके कर्मचारियों को प्राथमिकता दिया जायेगा।**

**2. भृत्य पद हेतु -**

नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा गठित चयन समिति के माध्यम से चयन की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी। उक्त पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक अर्हता कक्षा पांचवी उत्तीर्ण परीक्षा में प्राप्त अंकों के मेरिट के आधार पर किया जावेगा।

**उक्त अस्थाई पदों की पूर्ति में पूर्व से निर्वाचन संबंधी कार्य कर चुके कर्मचारियों को प्राथमिकता दिया जायेगा।**

यदि किसी आवेदक को पांचवी कक्षा की अंकसूची में प्रतिशत अंक उल्लेखित न होकर सिर्फ ग्रेड दिया गया हो तो उन आवेदकों को उस ग्रेडिंग चार्ट पूर्णांक पर ग्रेड का औसत प्रतिशत अंक प्रदान किया जावेगा।

यदि एक से अधिक उम्मीदवरों के कक्षा 5वीं का प्राप्तांक समान होने की स्थिति में आयु में जो उम्मीदवार वरिष्ठ होगा, वह चयन हेतु पात्र होगा।

शैक्षणिक अर्हता, के आधार पर मेरिट सूची तैयार की जावेगी तथा मेरिट सूची के आधार पर वर्गवार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा।

**C. भर्ती के संबंध में सामान्य शर्ते एवं दिशा निर्देश :-**

1. आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2023 की स्थिति में न्यूनतम 18 वर्ष से कम तथा 35 वर्ष से अधिक न हो, परन्तु छत्तीसगढ़ राज्य के शिक्षित बेरोजगारों के हित दृष्टिगत रखते हुए, राज्य शासन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासियों को अधिकतम आयु सीमा 35 में दी गई 05 वर्ष की छूट होगी अर्थात 40 वर्ष की छूट होगी। उच्चतर आयु सीमा में छ.ग. शासन सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये निर्देशों के तहत छूट की पात्रता होगी।
2. प्राप्त आवेदनों में से रिक्तियों के आधार पर स्क्रीनिंग के लिये कुल विज्ञापित रिक्त पदों का 05 गुना, अभ्यर्थियों को परीक्षा/चयन तथा दस्तावेज सत्यापन हेतु आहूत किया जा सकेगा अथवा चयन समिति समस्त योग्य अभ्यर्थियों का कौशल परीक्षा लेने हेतु स्व-निर्णय लेने स्वतंत्र होंगे।
3. मात्र आवेदन करने पर ही किसी का चयन सुनिश्चित नही होगा। अंतिम चयन सूची जारी करने के पूर्व मूल प्रमाण पत्रों की जांच की जायेगी। इसमें सही पाए जाने पर ही उनके चयन हेतु अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
4. संविदा मानदेय /कलेक्टर दर :- संविदा/सेवा अवधि के दौरान प्रतिमाह एकमुश्त मानदेय देय होगा तथा कलेक्टर दर जिले में निर्धारित कलेक्टर दर अनुसार होगा। इसके अतिरिक्त अन्य प्रकार की भत्ता सुविधा देय नही होगा।

5. उपरोक्त संविदा अवधि दिनांक 01/06/2023 से 30/11/2023 तक (केवल 06 माह) अथवा नियुक्ति दिनांक से 30/11/2023 तक के लिये होगी। उसके पश्चात् पद स्वतः समाप्त हो जायेंगे।

6. चयनित अभ्यर्थी को कार्य में उपस्थित होने के पश्चात किसी भी समय नोटिस देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकती है। इसी प्रकार उक्त अभ्यर्थी को त्यागपत्र देने के पूर्व एक माह पहले सूचना देना होगा अन्यथा उनके द्वारा एक माह का वेतन जमा किया जावेगा।

7. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को स्थायी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

8. उक्त संविदा पद अस्थानान्तरणीय होगा तथा नियुक्ति आदेशानुसार पदस्थापना स्थल में उपस्थिति देना अनिवार्य होगा। निर्धारित समय व पदस्थापना स्थल में अपनी उपस्थिति नही देने की स्थिति में चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जायेगी।

9. विज्ञापन में विज्ञापित पद अनुरूप निर्धारित अर्हताधारी अभ्यर्थी के ही आवेदन स्वीकार किए जायेंगे।

10. आवेदित पद पर चयनित होने मात्र से नियुक्ति का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। अंतिम रूप से नियुक्त रिक्त पदों की वास्तविक उपलब्धता तथा अन्य आवश्यक प्रक्रिया/मापदण्डों पर निर्भर करेगी।

11. उक्त पद के लिए प्रवर्गवार प्रतीक्षा सूची भी जारी की जावेगी, त्यागपत्र अथवा किसी भी कारण से रिक्त होने वाले पदों को भी इस प्रतीक्षा सूची से भरा जा सकेगा।

12. चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि किसी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार से किसी प्रकार का दबाव डलवाया जा रहा है या निष्पक्ष चयन प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है, तो उनका आवेदन पत्र अमान्य कर दिया जावेगा तथा इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं किया जावेगा।

13. ऐसे अभ्यर्थी जिनकी सेवा अनुशासनहीनता/वित्तीय अनियमितता/अनुचित व्यवहार के कारण किसी भी शासकीय विभाग द्वारा समाप्त की गई है, चाहे वे किसी भी पद पर रहे हों, उन्हें अपात्र उम्मीदवारों की संज्ञा में रखा जावेगा।

14. भर्ती की प्रक्रिया के दौरान होने वाले किसी भी विवाद एवं समस्या पर अंतिम निर्णय लेने का सर्वाधिकार जिला स्तरीय चयन समिति को होगा, जो सभी आवेदकों को मान्य होगा।

15. विज्ञापन एवं अन्य विवरण जिले के वेबसाईट www.kanker.gov.in पर उपलब्ध है।

कलेक्टर
**एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
उत्तर बस्तर कांकेर

**पृ.क्रमांक/सा.निर्वा./स्था./भर्ती/2023/165-A** **कांकेर, दिनांक 12/05/2023**

**प्रतिलिपि :-**

जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी, उत्तर बस्तर कांकेर को जिले के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

कलेक्टर
**एवं जिला निर्वाचन अधिकारी**
उत्तर बस्तर कांकेर

नवीनतम पासपोर्ट साईज का स्व-प्रमाणित फोटो चस्पा

## आवेदन पत्र का प्रारूप

प्रति,

जिला निर्वाचन अधिकारी (सामान्य)
कांकेर(छ.ग)

1. आवेदित पद का नाम :- ............................................
2. आवदेक का पूरा नाम ............................................
3. पिता/पति का नाम ............................................
4. लिंग महिला/पुरूष ............................................
5. दिव्यांगता (हाँ/नही) ...........श्रेणी...........प्रतिशत........
6. आवेदक का पता ............................................
   (पत्र व्यवहार का पता) ............................................
7. मोबाईल नम्बर ............................................
8. ई-मेल ............................................
9. (क) आवेदक की जन्म तिथि ............................................
   (ख) दिनांक 01.01.2023 को आयु .......वर्ष...........माह...............दिन
   (ग) आयु सीमा में छूट की पात्रता ............................................
10. आवेदक की श्रेणी का विवरण, जहां लागू हो कृपया (√) का चिन्ह लगावें :-

| अ.ज.जा | अ.जा | अ.पि.व | अनारक्षित |
|---|---|---|---|
| | | | |

11. शैक्षणिक योग्यता :-

| क्र. | परीक्षा | बोर्ड/वि.वि. का नाम | विषय | प्राप्तांक | पूर्णांक | प्राप्तांको का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |
| | | | | | | |

12. रोजगार कार्यालय का नाम ..............................................
जीवित पंजीयन क्र. एवं दिनांक ..............................................

13. छ.ग. के मूल निवास का प्रमाण पत्र (संलग्न करें) ..............................................

14. क्या उम्मीदवार विवाहित है (हाँ/नही) ..............................................

15. यदि विवाहित है तो विवाह की तिथि ..............................................

16. जीवित बच्चों की संख्या :- ..............................................

17. **संलग्न सत्यापित प्रमाण पत्रों की सूची :-**

1. ....................................   2. ....................................
3. ....................................   4. ....................................
5. ....................................   6. ....................................
7. ....................................   8. ....................................
9. ....................................   10. ....................................

..........................
आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ............................

पता ............................

(टीप :- फोटो एवं समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति स्व-प्रमाणित होगी एवं नियत तिथि को पूर्ण भरा हुआ आवेदन पत्र, मूल दस्तावेज एवं दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रति के साथ स्वयं उपस्थित होवें)

## <u>घोषणा पत्र</u>

मैं एतद द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैंने विज्ञापित पात्रता शर्तों को ध्यान से पढ़ लिया है। जहां तक मेरी जानकारी और विश्वास हैं इस आवेदन पत्र की सभी प्रविष्टियां सत्य और सही है। मुझे मालूम है कि यदि कोई जानकारी असत्य एवं गलत पायी जावेगी तो मेरा चयन या मेरी नियुक्ति निरस्त की जावेगी। जिसके विरूद्ध मेरे द्वारा कोई दावा प्रस्तुत करने का अधिकार नही होगा।

स्थान :-

दिनांक :-

..........................
आवेदक के हस्ताक्षर

नाम ............................

पता ............................
............................

मो.न. ............................